हे लक्ष्मी देवी अरज़ करूँ | By Sonam Samta

मेरे घर भी किसी दिन आओ माँ
सुख संपत्ति संग लाओ माँ
हे लक्ष्मी देवी अरज़ करू
दर्शन मुझको दे जाओ माँ

लक्ष्मी माँ मेरी सुनो प्रार्थना
दूर करो निर्धन की आतना
मैं हूँ भगत तुम्हारा दाती
कभी छोड़ना मेरा हाथ ना
आँचल में मुझको छुपाओ माँ
सुख संपत्ति संग लाओ माँ
हे लक्ष्मी देवी अरज़ करू
दर्शन मुझको दे जाओ माँ
मेरे घर भी किसी दिन आओ माँ
सुख संपत्ति संग लाओ माँ

ना मैं श्रीधर ना मैं ध्यानु
पर उनसे भी ज़्यादा मानु
तुम बिन मेरा कोई नहीं है
मैं तो बस इतना ही जानू
मुझे अपने गले लगाओ माँ
सुख संपत्ति संग लाओ माँ
हे लक्ष्मी देवी अरज़ करू
दर्शन मुझको दे जाओ माँ
मेरे घर भी किसी दिन आओ माँ
सुख संपत्ति संग लाओ माँ

मुन्नाबाज़ सिहाने वाला
जपता तेरे नाम की माला
कर दो अपनी दया की दृष्टि
खोलो मेरी किस्मत का ताला
तुम धन वर्षा कर जाओ माँ
सुख संपत्ति संग लाओ माँ
हे लक्ष्मी देवी अरज़ करू
दर्शन मुझको दे जाओ माँ
मेरे घर भी किसी दिन आओ माँ
सुख संपत्ति संग लाओ माँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a5%80-%e0%a4%85%e0%a4%b0%e0%a4%9c%e0%a4%bc-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%82%e0%a4%81-by-s/